हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

04 प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्याकर भागा आशिक दबोचा



07 पुरानी दुकानें लेने वाले व्यापारियों को कई गुना...





## खबर संक्षेप

### अंतराष्ट्रीय एडवेंचर प्रोग्राम में शामिल हुए समेरिटन्स के बच्चे

**नर्मदापुरम।** जिले के एक मात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 2 फरवरी से 6 फरवरी तक आयोजित होने वाले 27वे एडवेंचर प्रोग्राम में समेरिटन्स स्कूल माखन नगर के विद्यार्थी शामिल होंगे। आयोजन के दौरान यहां रॉक क्लाइम्बिंग, रिफ़ल एंड पिस्टल शूटिंग, आर्चरी, ऑब्स्टेकल्स क्रासिंग आदि खेल होंगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के तरुण यादव, अरहान खान, गौरव मेहरा, हर्ष यादव, शिप्रा मीना,भव्या यादव, आव्या खान, मेघा मोंडल, पल्लवी कोल, स्कूल के खेल शिक्षिका जया मालवीय के मार्गदर्शन में शामिल होने जा रहे है। शाला के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा एवं प्राचार्य जागृति सिंह ने बच्चों को बधाई प्रेषित की।

### सकल हिंदू समाज आज आयोजन

**नर्मदापुरम।** हिंदू समागम कार्यक्रम सकल हिंदू समाज द्वारा सामाजिक एकता हेतु शिवाजी बस्ती नर्मदा पुरम में विशाल हिंदू समागम के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम 1 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे दिन रविवार शक्ति मंदिर कोठी बाजार नर्मदा विहार कॉलोनी से विशाल शोभा यात्रा कलश यात्रा निकलेगी जो कामाख्या गार्डन मैदान विवेकानंद घाट, कोठी बाजार नर्मदा पुरम तक रहेगी जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वैदिक पंच परिवर्तन व्याख्यान के उपरांत दोपहर में सहभोज का कार्यक्रम रहेगा जिसमें समस्त सकल हिंदू समाज को आमंत्रित किया गया है। विदित हो कि नर्मदापुरम जिले में सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना दी जा रही है। यह विशाल समारोह नर्मदापुरम में आयोजित हो रहा है।

### कॉलोनाइजर ने किया रेरा शर्तों का उल्लंघन, कॉलोनी अब अवैध की श्रेणी में

# पिंक सिटी गोल्ड में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन बेच दिए प्लॉट, ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी

लाखों रुपए के लोभ लुभावने विज्ञापन देकर पिंक सिटी गोल्ड के कालोनाइजरों ने पैसे कमाने के अति उत्साह और लालच में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन प्लाटों की बिक्री शुरू कर दी। अब रेरा ने मामले में कार्रवाई करते हुए पिंक सिटी गोल्ड का आवेदन ही निरस्त कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पड़ताल

रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण याने रेरा, जिसका गठन ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए हुआ है लेकिन इटारसी में पिंक सिटी गोल्ड कॉलोनी में रेरा के नियमों का खुलेआम उल्लंघन करके प्लॉट के खरीदार ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की गई है। कॉलोनी के मालिकों ने बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के न सिर्फ कॉलोनी की लांचिंग की, बड़े बड़े विज्ञापन किए बल्कि बड़ी संख्या में प्लॉट्स की बिक्री भी कर दी। अब इन प्लॉट्स के खरीदार अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

#### ऐसे समझे पूरा मामला

पिंक सिटी गोल्ड की डेवलपर फर्म कार्तिक कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन साझेदार अफाक खान, खालिद खान एवं संतोष चौरे ने 1 अक्टूबर 2024 को रेरा रजिस्ट्रेशन के




लिए आवेदन किया। जिसके बाद अतिउत्साह पूर्वक नियमों को ताक पर रखकर बिना रजिस्ट्रेशन प्राप्त किए ही इन्होंने 1 दिसंबर 2024 को कॉलोनी की लांचिंग रख दी। जिसके बड़े बड़े विज्ञापन अखबारों एवं होर्डिंग्स में प्रकाशित हुए थे।

अब चूंकि नियमानुसार रेरा पंजीकरण के बिना प्लॉट्स की बिक्री और रजिस्ट्री नहीं की जा सकती थी, लेकिन कालोनाईजर ने धड़ल्ले से रजिस्ट्री शुरू कर दी, सूत्रों के अनुसार अभी तक करीब 20 प्लॉटों की रजिस्ट्रियां हो चुकी है, हालांकि यह आंकड़ा ऊपर नीचे भी हो सकता है। मामले में मोड़ तब आया जब रेरा ने अपने नियमों का बरकरार रखते हुए कॉलोनी के आवेदन को निरस्त कर दिया। सूत्रों के अनुसार आवेदन निरस्ती के पीछे का कारण रजिस्ट्रेशन से पहले हुए प्लॉटों की बिक्री बताई जा रही है। अब उन ग्राहकों के साथ यह सबसे बड़ा धोखा है जिन्हें रेरा पंजीकृत कॉलोनी का लॉलीपॉप दिखाकर प्लॉट्स बेचे गए हैं। रेरा रजिस्ट्रेशन निरस्ती की जानकारी अधिकृत वेबसाइट पर सार्वजनिक है, जिसे कोई भी देख सकता है।

**क्या कहता है रेरा का नियम**

रेरा रजिस्ट्रेशन के बिना कॉलोनी में प्लॉट बेचना गैरकानूनी है। यदि कोई डेवलपर बिना रेरा नंबर के प्लॉट बेचता है, तो वह कानून का उल्लंघन कर रहा है। रेरा अधिनियम की धारा 3 के अनुसार, कोई भी डेवलपर अपने प्रोजेक्ट का विज्ञापन, मार्केटिंग, बुकिंग या बिक्री तब तक नहीं कर सकता जब तक उसने संबंधित राज्य की रेरा अथॉरिटी में पंजीकरण न करा लिया हो।

#### नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

नियमानुसार बिना रजिस्ट्रेशन के प्लॉट बेचने पर डेवलपर को प्रोजेक्ट की कुल लागत का 10% तक जुर्माना देना पड़ सकता है। यदि वह फिर भी उल्लंघन जारी रखता है, तो 3 साल तक की जेल का भी प्रावधान है। वहीं अधिकांश बैंक और वित्तीय संस्थान केवल उन्हीं प्लॉट या प्रोजेक्ट्स के लिए लोन देते हैं जो रेरा से पंजीकृत होते हैं। कुछ जानकारों के अनुसार अब आगे कभी भी पिंक सिटी गोल्ड कॉलोनी को रेरा नंबर नहीं मिलेगा, हालांकि हम इसकी पुष्टि नहीं करते हैं।

#### कैसे करें ठगी की शिकायत

पहले तो जो भी ग्राहक पिंक सिटी गोल्ड में प्लॉट्स लेने पर विचार कर रहे हैं वे सतर्क हो जाए। वहीं जो ग्राहक यहां पर प्लॉट्स खरीद चुके हैं, या अपने सपनों का आशियाना बना रहे हैं इस सच के लिए मानसिक रूप से तैयार रहे कि आप एक अवैध कॉलोनी के निवासी हैं जो शासन के अधीन पंजीकृत नहीं है। रेरा रजिस्ट्रेशन के बिना किसी कॉलोनी अस्तित्व ही नहीं है। आप अपने साथ हुई ठगी की शिकायत स्थानीय पुलिस थाने, जिला कलेक्टर एवं रेरा की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर दर्ज करवा सकते हैं।

#### पिंक सिटी गोल्ड अब अवैध कालोनी

करीब डेढ़ साल बाद पिछले दिनों रेरा पंजीकरण निरस्ती के बाद पिंक सिटी गोल्ड कॉलोनी अब अवैध कालोनियों की श्रेणी में आ गई है। यहां प्लॉट्स खरीदने वाले ग्राहकों के साथ कालोनाईजर ने सुनियोजित रूप से यह गंभीर धोखाधड़ी और जालसाजी की है। ग्राहकों को पता होना चाहिए कि बिना रेरा नंबर वाली कॉलोनियां अक्सर 'अवैध' मानी जाती हैं, जहां सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के मिलने की कोई गारंटी नहीं होती। बिना रेरा वाली कॉलोनी में प्लॉट खरीदना जोखिम भरा है क्योंकि डेवलपर प्रोजेक्ट बीच में छोड़ सकता है या एक ही प्लॉट कई लोगों को बेच सकता है।

#### दोबारा आवेदन करेंगे

हमने कालोनी से संबंधित सारी अनुमतियां ली है। रेरा रजिस्ट्रेशन रिजेक्ट हुआ है दोबारा आवेदन करेंगे।

**संतोष चौरे,** डायरेक्टर, पिंक सिटी गोल्ड




#### कॉलोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

रेरा रजिस्ट्रेशन के बिना प्लाटों की बिक्री नहीं की जा सकती, पिंक सिटी गोल्ड के द्वारा ऐसा करना ज्ञात होता है तो प्रशासन द्वारा मामले में स्वत: संज्ञान लेकर यथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

**नीलेश शर्मा,** एसडीएम, इटारसी

# नॉर्मल डिलीवरी के बाद रुपए मांगने का मामला, शिकायत

### सिविल सर्जन ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला चिकित्सालय में नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिला के परिजनों से अवैध रूप से रुपए मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद सिविल सर्जन ने कर्मचारी पर कार्रवाई कर उसे सेवा से हटाने के निर्देश संबंधित कंपनी को दिए हैं। साथ ही कंपनी को हिदायत दी कि अगर ऐसी लापरवाही दोबारा की गई तो अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि नर्मदापुरम चिकित्सालय में प्राइवेट सिक्योरिटी के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सूचना कलेक्टर, विधायक और सांसद तक पहुंचने के बाद प्रशासन ने इस पर सख्त रुख अपनाया है। सिविल सर्जन ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित आउटसोर्स कंपनी को दोषी कर्मचारी के खिलाफ कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम पंचायत आरी, तहसील माखननगर निवासी राधा पति निलेश बर्दिया को प्रसव पीड़ा होने पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की मदद से जिला अस्पताल लाया गया था। यहां महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद डिलीवरी वार्ड में पदस्थ महिला कर्मचारियों द्वारा परिजनों से रुपए की मांग की गई।

#### शिकायत के बाद जांच शुरू

विदित हो कि जिला अस्पताल में आए दिन ऐसे मामले देखने को मिलते हैं, लेकिन लोग डर के कारण शिकायत नहीं करते हैं। जिसके कारण कर्मचारियों के हौसला बढ़ता है। 30 जनवरी को राधा पति नीलेश बर्दिया ग्राम पंचायत आरी तहसील माखननगर की शिकायत के बाद जांच की जा रही है कि सुबह और शाम की किस शिफ्ट में तैनात कर्मचारियों ने रुपए की मांग की थी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में महिला के पति निलेश का कहना है कि नॉर्मल डिलीवरी के बाद भी हमसे कर्मचारियों ने रुपए मांगे थे। जब हमने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, तब कार्रवाई शुरू हुई। इससे हमें न्याय मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले को महिला के परिजनों से डिलीवरी के दौरान रुपए मांगने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद आउटसोर्स कंपनी को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुबह और शाम की शिफ्ट की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे हटाया जाएगा।

### स्पीक मेक का आयोजन

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में स्पीक मेक के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी एवं संगीत विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रेमकांत कटंगकार ने उनका मार्गदर्शन किया।

### झगड़े में हुई हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास, लगाया अर्थदंड

**नर्मदापुरम।** विशेष न्यायालय द्वारा अंतर्गत धारा 14 (1) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार के न्यायालय में निर्णय पारित किया गया जिसमें अभियुक्त टीपू उर्फ सुल्तान शेख रहीम उर्फ पोटा शुभम उर्फ शिब्बू नईम उर्फ नहीम खान तीनों निवासी इटारसी को आजीवन कारावास एवं 3-3 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक विशेष न्यायालय (एट्रोसिटीज) सत्येन्द्र सिंह पटेल द्वारा की गई।

#### यह था पूरा मामला

16 दिसंबर 2023 को जितेन्द्र नेहरा नाला मोहल्ला चिश्तिया आटा चक्की गली इटारसी द्वारा बताया कि वह चाय बेचने का काम करता है। उसकी छोटा भाई योगेश रेलवे स्टेशन इटारसी में वेंडर है। योगेश के पिताजी हरिदास खाना खाकर गली में टहल रहें थे तभी लडाई झगडे की आवाज आई तो वह तथा उसके पिता पहुंचे तो देखा उसके भाई योगेश को मोहल्ले के शुभम उर्फ शिब्बू आसरे और नईम मुसलमान दोनों चाकू से मार रहें थे तथा मोहल्ले के ही टीपू सुल्तान और रहीम उर्फ पोटा लात घूसे से मार रहें थे । बचाने दौड़े तो शिब्बू नईम पोटा एवं टीपू चारो वहां से भाग गए। योगेश को डॉयल 100 से सरकारी अस्पताल इटारसी ले गये जहा डाक्टरों ने योगेश को मृत होना बताया गया। पुरानी रंजिश से उसकी हत्या की है। न्यायालय ने आरोपीगणों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया।

# ब्लॉक में धड़ल्ले से जारी रेत का आवेदन व परिवहन

### खानापूर्ति कर रहा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कार्य धड़ल्ले से जारी है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ता रेत के अवैध कारोबार में मिलजुल कर काम कर रहे हैं। तथा प्रशासन द्वारा मात्र खानापूर्ति की कार्रवाई की जा रही है।

बताया जाता है कि सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में ऐसी कोई भी नदी या नाला नहीं है, जिससे दिन रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन नहीं किया जा रहा हो। लंबे समय से सूचना होने के बाद भी प्रशासन द्वारा मात्र गत दिनों ही एक करवाई की गई है। जिसमें कुल छह ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत परिवहन करते पकड़े गए हैं।

# पचमढ़ी में 6 फरवरी से उमड़ेगा आस्था का सैलाब, बड़ी बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की वादियों में स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पचमढ़ी में विश्व प्रसिद्ध शिवरात्रि मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ इस वर्ष चौरागढ़ मेला 6 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

#### प्रशासन की पैनी नजर, कलेक्टर ने संभाली कमान

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला कलेक्टर सोनिया मीणा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य भीड़ नियंत्रण और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं—पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा-में कोई कोताही न बरती जाए।

#### बड़ी बसें प्रतिबंधित

पचमढ़ी-मटकुली मार्ग की कठिन भौगोलिक स्थिति और संकरे रास्तों को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मेला अवधि के दौरान बड़ी स्लीपर बसों का पचमढ़ी मार्ग पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह कदम सुरक्षा के लिहाज से उठाया गया है ताकि पहाड़ी रास्तों पर जाम की स्थिति न बने और छोटी



गाड़ियां व आपातकालीन वाहन आसानी से आवाजाही कर सकें।

#### तैयारियों का जायजा ले रहे अधिकारी

मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर सोनिया मीणा और पिपरिया तहसीलदार वैभव बैरागी स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार पचमढ़ी का दौरा कर पार्किंग, बिजली व्यवस्था और रास्तों का निरीक्षण कर रही है। तहसीलदार वैभव बैरागी के अनुसार, मेले के औपचारिक आगाज से पहले ही श्रद्धालुओं का पचमढ़ी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

### वायरल होने की सनक

# चलती कार से लटककर रील बनाते दिखे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




सोशल मीडिया पर रातों-रात लोकप्रिय होने और लाइक्स-व्यूज़ बटोरने की चाहत युवाओं को अनजाने में अपराध की राह पर धकेल रही है। 'वायरल' होने की होड़ इतनी तेज़ हो चुकी है कि युवा अपनी जान तक जोखिम में डालने से नहीं हिचक रहे। शनिवार सुबह नर्मदापुरम के कोठी बाजार और कलेक्ट्रेट वीआईपी रोड क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां स्कूली छात्र-छात्राएं फेयरवेल पार्टी के नाम पर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आए।एक निजी स्कूल के विद्यार्थी तीन कारों में सवार होकर हुड़दंग करते दिखे। सुबह करीब 11 बजे चलती गाड़ियों के गेट और खिड़कियों से बाहर लटककर छात्र-छात्राएं नाचते, सेल्फी लेते और रील बनाते नजर आए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।वीडियो सामने आने के बाद यातायात पुलिस हरकत में आ गई है और नियम तोड़ने वाले युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।इस संबंध में यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा का कहना है कि मुझे जैसे ही जानकारी लगी, मैंने बल के साथ गाड़ी की तलाशी ली, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी नंबर ट्रेस किया जा रहा है। सभी को नोटिस जारी किए जाएंगे।

### समाधि स्थल पर पूजन अर्चन के बाद अतिथियों ने काटा फीता...

# संत शिरोमिणि श्रीराम जी बाबा मेले का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के प्रसिद्ध संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा मेले का शुभारंभ शनिवार को हो गया है। यह मेला 10 जनवरी तक जारी रहेगा। फीता काटकर अतिथियों ने मेले का उद्घाटन किया। संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा की समाधि पर माघ मास की पूर्णिमा पर बाबा के दरबार में विशेष पूजन-अर्चन होता है।

यहां मनोकामना पूरी होने पर भक्त मत्था टेकने आते है। इसी के साथ गुप्ता ग्राउंड में मेला आयोजित किया जाता है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होती है। शनिवार को श्री रामजी बाबा समाधि स्थल पर पूजन अर्चन के बाद मेले का शुभारंभ आचार्य सोमेश परसाई के आचार्यत्व में हुआ, जिसमें अध्यक्षता स्थानीय विधायक डॉ सीतासरन




शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया व श्रीराम जी बाबा समाधि के महंत मुरारीदास डॉ रिया दास, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम जय सोलंकी, तहसीलदार सरिता मालवीय मौजूद रहे। नपा अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सभापति राजस्व निर्मला हंस राय, भाजपा नेता सविता दीवान शर्मा, और मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले सहित सभी नगर पालिका के सभापति और पार्षदगण उपस्थित रहे।

#### 10 दिन तक चलेगा मेला

संस्कृति के प्रतीक संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा मेले का उद्घाटन हो चुका है। यह मेला 10 फरवरी तक जारी रहेगा। मेले में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा मनोरंजन के साधन झूले और अन्य दुकाने सजने से मेले में रोनक बढ़ गई है। प्रशासन द्वारा बेहतर सफाई व्यवस्था के साथ ही पेयजल और विद्युत रोशनी की गई है, जिससे मेला आकर्षक लगने लगा है। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालु पहले श्रीराम जी बाबा के दर्शन करते हैं, बाद में मेला प्रांगण में पहुंचते हैं। जिसके लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। आपात स्थिति से निपटने के लिए भी सहायता के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।

# पंडित रामलाल शर्मा विद्यालय में विदाई समारोह, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पंडित रामलाल शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष व्यास सर ,विशिष्ट अतिथि संजय गार्गव सर, विद्यालय के संचालक अरुण शर्मा ,प्राचार्य सुधीर मिश्रा, श्रीमती निशा चौबे एवं रविशंकर मिश्रा उपस्थित थे। अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर एवं फूलमाला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं स्वागत नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा



ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा विदाई गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। सभी अतिथियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को उपहार एवं आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य अतिथि संतोष व्यास ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजय गार्गव सर ने आगामी परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई । कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी वैष्णवी राय ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### बैतूल के किसानों को मिलेगी सौर ऊर्जा से सिंचाई की सुविधा

**बैतूल।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना पीएम कुसुम-बी के अंतर्गत बैतूल जिले में किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना के तहत जिले में कुल 3254 किसानों का सोलर पंप स्थापना के लिए चयन किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अक्षत जैन के निर्देशानुसार 30 जनवरी को जिले की सभी जनपद पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार जैन, श्री राजा यादव योजना से जुड़ी 12 अधिकृत इकाइयों एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा चयनित किसानों की आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इस दौरान 258 किसानों की कस्टमर इंफॉर्मेशन फाइल तैयार की गई, जबकि 451 किसानों के एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से संबंधित प्रकरणों की प्रक्रिया वेंडरों द्वारा की गई। अब तक जिले में 2256 एआईएफ प्रकरण एवं 2750 सीआईएफ प्रकरण पूर्ण किए जा चुके हैं। इससे आने वाले समय में किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। शिविरों का सफल संचालन सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के सहयोग से किया गया।

### स्वर्ण प्राशन व नेत्र औषधि का निःशुल्क वितरण आज

**बैतूल।** ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भारत-भारती, जामठी में आज 1 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह स्वर्ण प्राशन प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र में 0 से 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई जाने वाली आयुर्वेदिक औषधि है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होने, स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ाने के साथ ही श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसी शिविर में आंखों के रोगियों के लिए चश्मे का नंबर कम करने की दिव्य औषधि का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा, जो आयुर्वेद चिकित्सकों के निर्देशन में दिया जाएगा। आयोजकों ने अभिभावकों एवं आंखों के रोगियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### अटल सभागृह में आज होगी वंदे मातरम् एकल गायन प्रतियोगिता

**बैतूल।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्र चेतना का संचार करने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माधव साख सहकारी संस्था, बैतूल द्वारा आयोजित सम्पूर्ण राष्ट्रगीत वंदे मातरम्-एकल गायन प्रतियोगिता का व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आज रविवार 01 फरवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अटल सभागृह, जे.एच. कॉलेज, बैतूल में होगा। माधव साख सहकारी संस्था, बैतूल के अध्यक्ष रमेश बोरखड़े ने बताया कि वंदे मातरम् के उद्घोष मात्र से जन-जन में राष्ट्रभक्ति और चेतना जागृत होती है।


## ग्राम वलनी में मिले क्षत-विक्षत शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

# प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्याकर भागा आशिक दबोचा

### 24 घंटे में युवती की पहचान, हत्या के आरोपी को पुलिस ने खोज कर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

थाना मुलताई क्षेत्र के ग्राम वलनी में मिले अज्ञात क्षत-विक्षत शव के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर न केवल मृतिका की पहचान कर ली, बल्कि हत्या के आरोपी को भी गिरफ्तार कर मामले का सफल खुलासा किया है।



अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मुलताई शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुलताई पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश किया। 30 जनवरी 2026 को ग्राम वलनी में एक खेत में कुत्तों द्वारा नोचे जा रहे अज्ञात शव की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। सूचनाकर्ता गोमा उईके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर सीन ऑफ क्राइम टीम की मदद से साक्ष्य संकलित किए। शव अत्यधिक क्षत-विक्षत होने के कारण पहचान कठिन थी। मौके से मिले कपड़ों के अवशेषों एवं गुमशुदा महिलाओं के रिकॉर्ड के मिलान पर मृतिका की पहचान पूजा धुर्वे (23 वर्ष), निवासी ग्राम वलनी के रूप में हुई। मृतिका के माता-पिता द्वारा कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त की गई।



#### पुलिस टीम को मिलेगा इनाम

पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा इस जघन्य अपराध का त्वरित खुलासा करने पर पूरी पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

#### इनका कहना है -

पुलिस ने युवती की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

**वीरेन्द्र जैन**, एसपी, बैतूल

#### हत्या कर शव को दफनाने का प्रयास

मर्ग जांच में सामने आया कि युवती की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को गड्ढा खोदकर दफनाया गया था। इस संबंध में थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 103(1), 238(क) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि मृतिका का गांव के ही युवक प्रमोद उईके से संपर्क था। घटना के बाद से आरोपी का गांव से गायब होना संदेह को और गहरा कर गया। साइबर सेल की सहायता से कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद उईके को ग्राम कुप्पा (चौकी पाढर क्षेत्र) से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## हरदौली में मिले अज्ञात शव की हुई पहचान, 8वीं बटालियन के जवान की पत्थर से हत्या

**मुलताई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदौली में श्मशान घाट के पास नाले में मिले अज्ञात शव की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल, छिंदवाड़ा के जवान आर.एस. सरयाम, निवासी छिंदवाड़ा के रूप में हुई है।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जवान की पत्थर से सिर पर वार कर हत्या की गई और शव को नाले में फेंक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को थाना मुलताई को सूचना मिली थी कि ग्राम हरदौली के श्मशान घाट के किनारे नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुलताई नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर क्षेत्र को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्गदर्शन में सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि मृतक के सिर पर पत्थर से गंभीर चोट पहुंचाई गई थी, जिससे उसकी मौत हुई। इसके बाद शव को नाले में फेंक दिया गया। स्थानीय नागरिकों से मृतक की पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक के पास पुलिस जैकेट, पैंट और टोपी होने के कारण उसके पुलिस विभाग से संबंधित होने की आशंका जताई गई। इसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के फोटो सोशल मीडिया एवं पुलिस विभाग से जुड़े ग्रुपों में साझा किए गए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप मृतक की पहचान 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल के जवान आर.एस. सरयाम के रूप में हुई। बताया गया है कि वह वर्तमान में ई कंपनी, उमरिया में पदस्थ था और 6 जनवरी 2026 को अवकाश पर आया था। इसके बाद वह ड्यूटी पर वापस नहीं लौटा था। पुलिस ने मामले को हत्या का प्रकरण मानते हुए थाना मुलताई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा विशेष जांच दल का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवती की हुई संदिग्ध मौत, पेट में मिला जहर, मर्ग दर्ज कर जांच शुरू

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र के ग्राम टाहली में तीसा बारस्कर (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीसा ने घटना वाले दिन अपने पिता के साथ भोजन किया था। उस समय उसकी मां घर पर नहीं थी। भोजन के बाद तीसा ने पेट दर्द की शिकायत की। पिता ने उसे डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी, लेकिन दर्द बढने पर परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में किए गए प्रारंभिक परीक्षण में तीसा के पेट में जहरीले पदार्थ के अंश पाए गए हैं। पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए लैब भेज दिया है। युवती का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। चिचोली पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## मुलताई में आज कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति होगी बाधित

# विद्युत संधारण कार्य के चलते 33 केवी मुलताई व इंडस्ट्रियल फीडर बंद रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 132/33 केवी उपकेन्द्र, मुलताई से जुड़े 33 केवी मुलताई एवं 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर पर दिनांक 01 फरवरी 2026 (शनिवार) को संधारण कार्य प्रस्तावित किया गया है। संधारण कार्य के कारण 33 केवी मुलताई फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक, जबकि 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक बंद रहेगी। इस अवधि में मुलताई शहर का समस्त क्षेत्र एवं 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर अंतर्गत 33/11 केवी नरखेड़ उपकेन्द्र से जुड़े लगभग 20 गांवों एवं 7 एचटी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है। यह सूचना जनहित में जारी की गई है।

## नगर परिषद की उदासीन कार्यप्रणाली बन रही लोगों की नाराजगी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

नलजल योजना की पाइप लाइन लगभग एक माह से फूटी हुई है। जिसकी शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है। वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे के विष्णु प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उनके दुकान और घर के सामने नल जल प्रदाय की पाइपलाइन लगभग एक माह से फुटी हुई है।

जिससे उनके घर में पानी पीने का पानी गंदा आ रहा है। शिकायत के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण वार्डवासी गंदे पानी का उपयोग करने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि इस जगह की पाइपलाइन व्यवस्था को सुधारने के लिए तीन से चार बार गड्ढा खोदा गया। जैसे तैसे उसे बंद कर दिया जाता है। जिसके बाद भी लीकेज होने लगता है। नल जल योजना के कर्मचारियों को इसकी सूचना समय-समय पर देने के बाद भी कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

वार्ड नंबर 12 में ना तो झाड़ू लगाई जाती है और न ही नाली की साफ सफाई की जाती है। नालियों में गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। नगर परिषद शाहपुर के अधिकारी कर्मचारी किसी का भी ध्यान नहीं दे रहे है।

## विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की कॅरियर से जुड़ी शंकाओं का किया समाधान

# शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीन में संपन्न हुआ पांच दिवसीय कॅरियर गाइडेंस मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देने के लिए जीन के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय करियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया। इस करियर मेले में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

करियर गाइडेंस मेले का समापन 31 जनवरी को हुआ। मेले के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों की करियर से जुड़ी शंकाओं का समाधान किया गया और भविष्य की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर महेंद्र गिरी द्वारा की गई।




विशेष उद्बोधन संस्था के प्राचार्य सदाराम चौकीकर ने दिया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने और सही दिशा में प्रयास करने की प्रेरणा दी। जनपद सदस्य जीन मुकुंदराव धोटे एवं संस्था प्राचार्य श्री सिमैया ने विद्यार्थियों को जीवन कौशल, आत्मविश्वास और करियर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# गिरदावरी एप को जटिल बनाए जा रहा है, इसको सुगम बनाएं, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र पटवारी संघ ने जिले के पटवारियों को कार्यक्षेत्र में तकनीकी एवं मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के विवेक मालवीय और दिलीप करोचे ने बताया कि वर्तमान में पुराने अभिलेख के स्कैनिंग में से 5 प्रतिशत डेटा का क्यूए चेक किया जाता है। परन्तु स्कैनिंग मेटा-डेटा में बहुत मात्रा में विसंगतियां हैं।

जिसे दूर किया जाना चाहिए। कमलेश पवार और चन्द्रभान बारस्कर ने कहा कि जिले के पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के कार्य में बिना किसी तकनीकी प्रशिक्षण दिए ही कार्य कराया जा रहा है जिससे ज्यादातर पटवारियों को कार्य करने का तकनीकी ज्ञान नहीं होने से यथा प्रगति नहीं मिल रही है। मोरध्वज टिकमें और केशवकांत कोसे ने बताया



कि जिले की कुछ तहसीलों में पटवारियों को उनके मूल हल्के से साथ अतिरिक्त प्रभार में हल्के दिए गए है। कार्य सुविधा की दृष्टि से एवं नियमानुसार अतिरिक्त हल्के का प्रभार मूल हल्के के समीपस्थ हल्के का एवं एक ही राजस्व निरीक्षक सर्किल में दिया जाए। हरिओम चौरे और मोहन धुर्वे ने कहा कि सीमांकन कार्य के लिए रोवर मशीन का प्रशिक्षण जिले के सभी पटवारियों को दिया जाने चाहिए। इसके लिए 5-5 पटवारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाए। प्रियंका पाटिल और महेन्द्र राठौर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के आवेदनों को संबंधित विभाग, शाखा को प्रेषित किया जाना चाहिए। आवेदक के ग्राम का नाम देख कर सीधे पटवारियों को ही निराकरण के लिए प्रेषित किया जा रहा है। अनिल उइके और दिगम्बर बारस्कर ने कहा कि प्रशासन के आदेश के अनुसार बीपीएल सर्वे एवं संबल सत्यापन के लिए पटवारियों को पृथक रखा जाए। रेखा मानकर और मोनिका खवसे ने कहा कि उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार नवीन पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान एरियर सहित किया जाए। रेखा परते और हुलसी सोलंकी ने कहा कि गिरदावरी एप में नए-नए प्रयोग किए जा रहें हैं और इसे बहुत जटिल बनाए जा रहा है। इस ऐप का सरलीकरण किया जाए। दिलीप देशमुख और लवप्रीत सोनी ने कहा कि पटवारियों को समय पर भत्तों को पूर्ण भुगतान वेतन के साथ किया जाए।

# युवाओं ने नशा मुक्ति संकल्प हस्ताक्षर अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नशा व्यक्ति के पतन का कारण होता है। नशे से व्यक्ति ही नहीं उसका परिवार भी प्रभावित होता है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग बैतूल के निर्देशन में नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नशा मुक्ति संकल्प हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.साहबराव झरबडे ने विद्यार्थियों को कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिजनों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

खेल अधिकारी डॉ.नंदकिशोर पवार ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशामुक्त जीवन अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर विशेष रूप ऐ डॉ.यास्मीन जिया एवं डॉ.अजय चौबे परामर्शदाता अनिल शर्मा,



जतिन प्रजापति, संगीता उघडे, यशोमती भोरवंशी, विजय महतो सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी युवाओं ने नशामुक्त रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार परामर्शदाता जतिन प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया।

# बेल नदी पर पुल का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला से रमली मार्ग पर बेल नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम 31 जनवरी को गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, विधायक बैतूल हेमंत खण्डेलवाल, विधायक आमला डॉ योगेश पाण्डग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। निर्मित किए जाने वाले इस पुल की लंबाई 50.00 मीटर होगी, जिसके लिए 259.07 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पुल के निर्माण से आमला शहर से रमली,



नांदपुर सहित आसपास के 10-15 गाँवों की लगभग 5 से 10 लाख आबादी को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पुल बनने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी तथा स्थानीय नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों तक पहुँच आसान होगी।

## भगवान विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से भक्तिमय हुआ बैतूल

# सोनाघाटी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के सोनाघाटी में भगवान विश्वकर्मा जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बन गया है। श्री विश्वकर्मा लोहार समाज सेवा समिति के आयोजन में शहर और जिलेभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं।

श्री विश्वकर्मा लोहार समाज सेवा समिति द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम चरण में धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई,



जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के साथ श्रद्धालु सोनाघाटी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ और पूजन पाठ संपन्न हुआ। जिला मीडिया प्रभारी किशोरी लाल चौरेकर ने बताया कि आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं शहरवासियों ने श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई।

लोहार समाज जिलाध्यक्ष शंकर राव चौरेकर एवं उपाध्यक्ष मानिकराव उमरे ने जानकारी दी कि प्रतिमा स्थापना को लेकर बाहर से आए विद्वानों द्वारा पीठ पूजा, प्रतिमा अधिवास, अग्नि स्थापना और अन्नाधिवास जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।

## वीबी जी राम जी अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

# कांग्रेस समाज से झूठ बोल रही है : हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीवीका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के तहत जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मनरेगा मे हुए संशोधन को लेकर कांग्रेस समाज में झूठ परोस रही है।

राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम नरेगा का नाम पहले कांग्रेस ने बदलकर मनरेगा किया था। महात्मा गांधी के विचारो का कभी कांग्रेस ने सम्मान नही किया महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होते देखा जा रहा है। कांग्रेस के दौर में विदेशी वस्तुए लेकर चलने वाले सम्मान पाते थे। आज खादी और स्वदेशी को सम्मान मिला है। जो गांधी जी के विचार वीबीजी राम जी विकसित भारत के लिए विकसित गांव की बात करता है। गांव की जरूरत के हिसाब से पंचायत अपने कामों का निर्णय लेगी।




श्री खंडेलवाल ने कहा कि वीबीजी राम जी में बेरोजगारी भत्ता तो है ही वहीं भुगतान रूकने पर ब्याज भी सरकार चुकाएगी। लोगो को कृषि के कार्यो के लिए भी श्रम सहजता से उपलब्ध होगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि बीस साल पहले नरेगा की कमियों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूर कर विकसित भारत के लिए वीबीजी राम जी लाया हैं जो आज की जरूरत के हिसाब से है। पहले राज्यो की भागीदारी कम होने से कांग्रेस के सत्ताधीश सिर्फ बंदरबाट में खुश थें ऐसे में वे भ्रम फैलाने का काम कर रहे है। हमें वीबीजी राम जी पर अच्छा अध्ययन करके उनके झूठ का जवाब देना है। इस वैचारिक युद्ध में सत्य की ही विजय होनी है। वीबीजी राम जी अधिनियम रोजगार पैदा करने वाला और मजबूत निर्माण के साथ साथ भ्रष्टाचार को मिटाने वाला साबित होगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी एवं प्रदेशउपाध्यक्ष कांतदेव सिंह ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना विकसित गांव से साकार होगी आज के समय में रोजगार के साथ साथ स्थाई निर्माण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहे है। वीबीजी राम जी ग्रामीण भारत को सशक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। जहां गांव की योजना गांव मे तैयार होकर पूर्ण होगी जिसकी निगरानी हाईटैक तरिके से की जानी है। मनरेगा में मनमानी सबने देखी है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार पर प्रहार हुआ है तो कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं के शौचालय में झांक रहा था अज्ञात थाने में हुई शिकायत

**माखननगर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम आरी स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल परिसर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा छात्राओं के शौचालय में बार-बार झांककर देखने और अश्लील हरकत करने की घटना उजागर हुई है, जिसकी लिखित शिकायत माखननगर थाना में दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 29 जनवरी की है। जब छात्राएं शौचालय गईं, तब उन्होंने देखा कि ग्राम का ही कोई अज्ञात व्यक्ति शौचालय में बने छिद्र के माध्यम से बार-बार अंदर झांक रहा था। इस हरकत से घबराई छात्राओं ने तत्काल शिक्षिकाओं को जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षिकाओं ने प्रधान पाठक को सूचना दी, जिसके बाद प्रधान पाठक द्वारा 112 पर पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। साथ ही पूरे मामले की लिखित शिकायत माखननगर थाना में दर्ज कराई गई।शिकायत में स्कूल प्रबंधन ने आरोपी की पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद विद्यालय में छात्राओं और अभिभावकों में भय एवं आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### व्यापारियों ने नगर परिषद से की मासिक किश्तों पर शेष राशि वसूली की मांग

# पुरानी दुकानें लेने वाले व्यापारियों को कई गुना देनी पड़ सकती है कीमत

सोहागपुर में नए बस स्टैंड के समीप स्थित रैन बसेरा की दुकानों को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है।नगर परिषद द्वारा वर्षों पूर्व बनाई गई पुरानी दुकानों की तुलना में नई दुकानों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की गई है।जिससे पहले से दुकान लेने वाले छोटे व्यापारी नई दुकानें लेने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। कीमतों में नौ से दस गुना वृद्धि ने व्यापारियों की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में नए बस स्टैंड के समीप रेन बसेरा में नप ने वर्षों पूर्व दुकानें बनाई थीं। अब नप ने नई दुकानें बनाई हैं, जिनकी कीमत पुरानी दुकानों की अपेक्षा कई गुना बढ़ गई है। तथा पुरानी दुकानें लेने वाले व्यापारी परेशान हैं कि वे कैसे नई दुकानें लें। नगर परिषद राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय ने वर्षों पूर्व रैन बसेरा में 11 दुकानें बनाकर नीलाम की थी। लगभग एक दशक से अधिक समय पूर्व यह दुकान है 25 से 30 हजार रुपये में नीलाम हुई थी। अब नप ने नई दुकानें बना दी हैं तथा पुराने दुकानदारों को ही ये दुकानें दी जा रही हैं। लेकिन नई दुकानों की कीमत पुराने समय की अपेक्षा लगभग नौ से 10 गुना बढ़ गई है। जिसके चलते व्यापारियों में चिंता है एवं वे नप जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कई बार भेंटकर समस्या समाधान के गुहार लगा चुके हैं। ताकि रोजगार की व्यवस्था यथावत बनी रहे।



### होगी नई नीलामी

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने नगर परिषद राजस्व प्रभारी संजय परसाई से चर्चा की। परसाई ने कहा कि निकाय व्यापारियों के हितार्थ निर्णय लेने में पर सहमत है। लेकिन व्यापारियों को भी नगर परिषद की कुछ शर्तों पर सहमति देनी होगी। परसाई का कहना है कि यदि पुराने समय में दुकान लेने व्यापार लेने वाले व्यापारी पुनः अपनी दुकानों को निकाय की शर्तों के अनुसार नहीं ले पाते हैं तो नए सिरे से दुकानों की नीलामी की जाएगी। परसाई ने बताया कि लंबे समय से दुकानें संचालित कर रहे हैं दुकानदारों को प्राथमिकता पर रखा गया है। तथा समाधान के लिये वार्तालापों के दौर पर दौर जारी हैं। सभी के हित में निर्णय के प्रयास जारी हैं।

### किश्तों में लें भुगतान

मामले में पुरानी दुकानें लेने वाले व्यापारियों ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि उन्होंने पुरानी दुकानें नीलामी में 25 से 30 हजार प्रति दुकान बोली लगाकर ली थी। लेकिन अब नप द्वारा नई दुकानें बनाकर इनकी राशि लगभग 10 गुना तक मांगी जा रही है। पुरानी दुकानें लेने वाले व्यापारी नई राशि देने को तैयार हैं। लेकिन उनकी मांग है कि किश्तों में शेष राशि ली जाए। तथा किस्तों के भुगतान के लिए भी पर्याप्त समय व्यापारियों को दिया जाए। व्यापारियों के अनुसार चूंकि नया बस स्टैंड क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से कम विकसित है, जहां ग्राहकी भी नियमित नहीं हो पाती है। अतः किश्तों की संख्या अधिक रखते हुए मासिक वसूली राशि कम की जाए। ताकि पुराने व्यापारी नियमित रूप से अपनी दुकानों का संचालन कर सकें। अन्यथा मजबूरी में उन्हें दुकानें छोड़नी पड़ेगी।

## चेक बाउंस के मामले में 6 माह की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

चेक बाउंस के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई है। पैसों का लेनदेन चार साल पहले हुआ था। परिवादी चेलाराम और अभियुक्त अशोक सिंह के पारिवारिक संबंध थे। अभियुक्त के पिता चेलाराम के यहां ड्राइवर का काम करते थे इसलिए अच्छी जान पहचान होने के कारण अशोक सिंह ने चेलाराम से दो लाख रूपये फरवरी 2022 में उधार लिए थे जिसे अभियुक्त ने एक वर्ष बाद मार्च 2023 में वापस देने का वादा किया था।

चेलाराम ने जब अपनी उधार दी गई राशि मांगी तो कई दिन टालने के बाद अशोक सिंह ने चेक दिया। इस चेक को जब परिवादी द्वारा बैंक में जमा कराया गया तो चेक बाउंस हो गया, इसके बाद चेलाराम ने न्यायालय में परिवाद पेश किया।

परिवादी चेलाराम की ओर से अधिवक्ता ओपी कुशवाहा एवं संतोष शर्मा ने पैरवी की। इस मामले में बताया कि न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अदालत से अशोक सिंह को इस मामले में 2 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं उधार की राशि सहित 2, 39, 378 अदा करने के निर्देश दिए थे।

इसके बाद अशोक सिंह ने न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायालय में अपील की। अपीलीय न्यायालय से भी अभियुक्त को सजा दी गई है और न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्त को 6 माह की सजा सुनाई है और प्रतिकर के साथ उधार ली गई राशि 2,39, 378 रूपये अदा करने के आदेश दिए हैं।

### महेश बाथरे बने एबीडीएम के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णकुमार कनौजिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज सुल्ताने की सहमति से एबीडीएम प्रदेश अध्यक्ष बलवीर निबोरिया ने रजक समाज नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष महेश बाथरे को (एबीडीएम) अखिल भारतीय धोबी महासंघ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति तीन वर्षों तक रहेगी। श्री बाथरे की इस नियुक्ति पर नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी, वीरेंद्र तिलोटिया, कैलाश कन्नौजिया, रामगोपाल मालवीय, चंद्रभान कन्नौजिया, अमित मालवीय, मुन्नालाल रजक, शंकर परदेशी, दुर्गेश सोनिया, राजेंद्र मालवीय, शुभम मालवीय, संतोष भारके सहित रजक समाज के अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में सांसद ने प्रदान की 25 हजार राशि




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

फाइटर क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय पंकज गोयल की स्मृति में खेड़ा स्थित खेल मैदान में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया एवं आयोजक सत्यम अग्रवाल, निपुण गोठी एवं समस्त समिति को इस बेहतरीन आयोजन के लिए साधुवाद दिया एवं आयोजन समिति को स्वेच्छा अनुदान से 25000 रू. की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राहुल चौरे, मयंक महतो, दीपक अग्रवाल, मनोज बड़कुर, आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, निपुण गोठी, निलेश चौधरी, दीपक परदेसी, भागवत चौहान, गोलू दबंग, गोपाल शर्मा, पवन उसरेटे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## कलाकारों ने मां नर्मदा को समर्पित किए भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरु–शिष्य परंपरा के अंतर्गत शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रहे नवोदित कलाकारों के समूह "नीवा" द्वारा "जीवन रेखा रेवा" शीर्षक से माँ नर्मदा के पाँच भजनों को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ माँ नर्मदा के चरणों में समर्पित किया गया है। यह भजन-श्रृंखला केवल संगीत प्रस्तुति ही नहीं, बल्कि माँ नर्मदा के प्रति समर्पण, साधना और सृजनात्मक साधक भाव का सशक्त उदाहरण है।

नर्मदा भजनों की इस विशेष श्रृंखला में सम्मिलित पाँचों भजनों का लेखन, संगीत निर्देशन, गायन, रिकॉर्डिंग तथा फिल्मांकन का समस्त कार्य स्वयं इन युवा कलाकारों द्वारा किया गया है, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा, अनुशासन और संगीत साधना का परिचायक है। शास्त्रीय संगीत की परंपरागत समझ को आधुनिक तकनीकी दक्षता के साथ प्रस्तुत करते हुए "नीवा" ने एक सराहनीय और प्रेरणादायक प्रयास किया है।



"नीवा" समूह के संस्थापकों में आदित्य परसाई, ऋत्विक राजपूत, चित्रांश अग्रवाल, प्रसंग तोमर, विशाल सगर, विपुल दुबे, सक्षम पाठक, यश मालवीय एवं निकुंज सैनी सम्मिलित हैं, जिन्होंने सामूहिक सृजन के माध्यम से इस प्रोजेक्ट को आकार दिया। सहयोगी कलाकारों के रूप में बैंजो वादक दिलशाद अली एवं ऑक्टोपेड वादक ज्ञान वैष्णव ने अपने वादन से भजनों को विशेष संगीतात्मक ऊँचाई प्रदान की है। "नीवा" की इस उत्कृष्ट एवं नवाचारी उपलब्धि पर अरुण शर्मा, अशोक जमनानी , वैभव शर्मा, रामसेवक शर्मा, विजय परसाई, राम परसाई, लखन दुबे, आनंद नामदेव सहित अनेक ख्यातिप्राप्त संगीतकारों, गीतकारों एवं साहित्यकारों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं।

निस्संदेह "जीवन रेखा रेवा" परियोजना नवोदित कलाकारों की साधना, समर्पण और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है, जो गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को बनाए रखते हुए भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

## डायल 112 बनी मददगार, स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रही महिला को ट्रक ने मार दी थी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा होते-होते बचा। एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त महिला के साथ मौजूद बच्चे सुरक्षित हैं, हालांकि महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

### हादसे का विवरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना पुरानी इटारसी क्षेत्र की है। घायल महिला सपना नागवंशी, निवासी कैलाश नगर कॉलोनी अपने बच्चों यशिका और विवान को केंद्रीय विद्यालय से लेकर स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला सड़क पर गिर गई और घायल हो गई।



### स्थानीय लोगों ने भी दिखाई तत्परता

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए भागने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। नागरिकों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।डायल 112 की त्वरित कार्रवाईसूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। भीड़ द्वारा पकड़े गए ट्रक चालक को पुलिस के सुपुर्द किया गया। घायल महिला की स्थिति को देखते हुए डायल 112 एफआरवी के पायलट शेख अलीम ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुरानी इटारसी पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में भारी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## मैच में बैतूल ने दी बरेली को एकतरफा मात

### अभा हॉकी टूर्नामेंट की 61वीं वार्षिक कड़ी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट की 61 वीं वार्षिक कड़ी स्थानीय कॉलेज मैदान पर शनिवार से प्रारंभ हुई। जिसमें उद्घाटन मैच बैतूल ने बरेली को हराकर जीता। आयोजन समिति अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक अश्विनी सरोज व सचिव पवन सिंह चौहान ने बताया कि उद्घाटन मैच में पूर्व वेयरहाउस कार्पोरेशन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, विजय नचान, पूर्व विधायक सविता दीवान, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय, नपाध्यक्ष लता पटेल आदि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

जिसके बाद बैतूल व बरेली के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों व जन समुदायों को संबोधित करते हुए हॉकी टूर्नामेंट को सोहागपुर की पहचान बताया तथा इसे पल्लवित एवं पोषित करने की अपेक्षा नागरिकों से की। इस दौरान अतिथि रूप में समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, कैलाश पालीवाल, विजय अग्रवाल, हमीर सिंह चंदेल, हरगोविंद पुर्विया, शंकरलाल मालवीय, आकाश रघुवंशी, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, गोलू अग्रवाल, बीआरसी राकेश रघुवंशी आदि उपस्थित थे।



### एकतरफा रहा मैच में मुकाबला

अभिनव पालीवाल ने बताया कि बैतूल व बरेली के मध्य खेला गया उद्घाटन मैच एकतरफा रहा। पहले क्वार्टर में बैतूल ने बरेली पर दो गोल की बढ़त ली। दूसरे क्वार्टर में बैतूल और बरेली ने एक-एक गोल मारे। तीसरे क्वार्टर में बरेली ने एक तथा बैतूल ने दो गोल मारे। चौथे क्वार्टर में बैतूल ने दो गोल मारे और इस तरह बैतूल ने 7-2 से मैच जीता। दूसरा मैच सोहागपुर व आर्डिनेंस फेक्ट्री इटारसी के बीच खेला गया। जिसमें सोहागपुर ने 2-1 के स्कोर से जीत प्राप्त की।

### पीएमश्री कन्या शाला में स्कूल बैग वितरित

**इटारसी।** शनिवार को पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज इटारसी में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उपस्थित होकर बच्चों से संवाद किया। साथ ही उन्हें स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखना अत्यंत प्रेरणादायक रहा। गेल इंडिया लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के शासकीय विद्यालयों में लगभग 28,000 "स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क" का वितरण किया जा रहा है। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज में बैग वितरण कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष राहुल चौरे, मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मंयक मेहतो, राजा तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता संदेश पुरोहित, विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## तीन युवतियों की कठिनाई में मदद करने आगे आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। 27 जनवरी की सुबह थाना इटारसी की डायल 112 एफआरव्ही 08 टीम ने सुनसान हाईवे पर फंसी तीन युवतियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुँचाकर पुलिस की "देशभक्ति–जनसेवा" की भावना को साकार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जनवरी को सुबह लगभग 04:25 बजे डायल 112 को सूचना मिली। कॉलर खुशी गुप्ता ने घबराई हुई आवाज़ में बताया कि वह अपनी सहेलियों जन्नत एवं चेताली के साथ इंदौर से बस द्वारा नर्मदापुरम आ रही थीं, लेकिन बस चालक ने उन्हें शहर के सुरक्षित स्टॉप पर उतारने के बजाय हाईवे पर एक सुनसान स्थान पर उतार दिया।

अंधेरा और निर्जन क्षेत्र होने के कारण तीनों युवतियाँ स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही थीं। सूचना मिलते ही थाना इटारसी में पदस्थ डायल 112 के प्रधान आरक्षक 286 संतोष कुमार मालवीय एवं वाहन चालक नीलेश पठारिया ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना समय गंवाए बताए गए स्थान के लिए रवाना होकर तत्काल मौके पर पहुँचकर युवतियों से संपर्क किया।

पुलिस टीम ने युवतियों को ढांढस बंधाया तथा डायल 112 वाहन की सहायता से उन्हें सुरक्षित उनके निवास स्थान तक पहुँचाया। समय पर पुलिस सहायता मिलने से एक बड़ी अनहोनी टल गई। इस त्वरित कार्रवाई पर युवतियों एवं उनके परिजनों ने इटारसी पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समिति ने आदिवासी बच्चों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिनों रामकृष्ण विवेकानंद वेदान्त समिति नर्मदापुरम द्वारा शीतकालीन राहत कार्य के अंतर्गत सोहागपुर एवं पिपरिया ब्लॉक से लगे आदिवासी एवं पिछड़े ग्रामों बोरी एवं रिछेड़ा में दो शासकीय प्राथमिक शालाओं के 106 बच्चों को स्वेटर, मोजे एवं पेंसिल बॉक्स वितरित किए हैं। समिति द्वारा लगातार यह कार्य किया जा रहा है। तथा इस वर्ष वितरण कार्य का अंतिम सत्र संपादित किया गया है। अब अगली ठंड में पुनः पात्र लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किए जाएंगे। वेदांत समिति सदस्यों द्वारा बोरी प्राथमिक शाला की स्वच्छता एवं प्राकृतिक सुंदरता तथा व्यवस्था की सराहना की गई। शीतकालीन राहत का यह कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष स्वामी वीरेशानंद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के कर्मठ सदस्य प्रांजल तिवारी, अमन शर्मा व अभिषेक लखोरे ने सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान संबंधित शालाओं का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### 26 जनवरी से चल रहा था शतचंडी महायज्ञ

## श्री बूढ़ी माता मंदिर में महायज्ञ का आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर मालवीयगंज में 26 जनवरी से श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन जारी है। आज रविवार शाम 5 बजे शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। वहीं मंदिर परिसर से सटे मैदान में आयोजित मेला रविवार रात 10 बजे तक जारी रहेगा। शतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि 26 जनवरी से शतचंडी महायज्ञ शुरू हुआ था।जिसका समापन 1 फरवरी रविवार की शाम 5 बजे पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वही देवी भजन गायक बसंत बतरा द्वारा शाम 6 बजे से भजनों की प्रस्तुति अपने साथी कलाकारों के साथ दी जाएगी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे ने कहा कि श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर पर रविवार को श्री शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन किया जायेगा, शहर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि शतचंडी महायज्ञ के समापन पर बड़ी संख्या में पहुचकर लाभ अर्जित करें। क्योंकि माँ बूढ़ी माता ऐसी है कि जिसने भी उनसे सच्चे मन से जो मांगा माँ ने उसे वह दे दिया। इसलिये सभी से अनुरोध है कि बड़ी संख्या में शतचंडी महायज्ञ के समापन में पहुंचे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। भंडारे के प्रसाद वितरण में अपनी सेवाएं देने वाली टीम तैयार की गई है। रविवार को शतचंडी महायज्ञ में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए भीड़ को देखते हुये मंदिर परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया जायेगा। प्रतिवर्ष श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन क्षेत्रीय विधायक एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा के कुशल मार्गदर्शन ने बेहतर तरीके से होते चला आ रहा है।शतचंडी महायज्ञ की सारी व्यवस्थाओं विधायक डॉ शर्मा की देखरेख में की जाती है।



### नि:शुल्क शिविर में 124 मरीजों की हुई जांच

**नर्मदापुरम।** फ्रेंड्स रूरल सेंटर, रसूलिया में शनिवार को मधुबन अस्पताल बुधनी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला अस्पताल नर्मदापुरम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में डॉ. सीए हैरिसन, डॉ. आईशा, डॉ. पुनीत पाठक एवं डॉ. वीरेंद्र राजपूत ने कुल 124 मरीजों की जांच की। इस दौरान दंत एवं मुख रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग, एनीमिया सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा शिविर में आए लोगों की हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन सहित अन्य आवश्यक जांचें भी की गईं। इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल के संपूर्ण सुरक्षा केंद्र स्टाफ द्वारा 50 लोगों की एचआईवी/एड्स जांच भी की गई।

## इटारसी में 2 एवं 3 को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन, 32 टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राजपूत समाज इटारसी द्वारा 2 एवं 3 फरवरी को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर पत्रकार भवन इटारसी में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 16 एवं महिला वर्ग की 16 टीमें भाग लेंगी। इसमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, खंडवा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों की नामी टीमें शामिल होंगी।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 31,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 15,000 रूपये रखा गया है। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 5,000 रूपये रखा गया है। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मनीष ठाकुर द्वारा किया गया, जबकि पुरस्कारों की विस्तृत जानकारी मोती सिंह राजपूत ने दी। इस अवसर पर ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। राजपूत समाज के शशांक बैस 'गोल्डी' ने सांसद माया नारोलिया का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता हेतु फुल ग्राउंड मैट उपलब्ध कराई गई है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे द्वारा लाइट एवं मैट व्यवस्था में दिए गए सहयोग के लिए भी आभार जताया गया। पत्रकार वार्ता में राजपूत समाज के वरिष्ठजनों में लाखन सिंह बैस, निर्मल सिंह राजपूत, संतोष सिंह राजपूत, मंजू राजपूत, कमल सोलंकी, नितिन सिंह, धर्मेंद्र सोलंकी, लखन बैस, दीप सिंह राजपूत, रमन सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो दिन में एमडी के साथ दो को गिरफ्तार किया

**हरदा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो दिन के भीतर एमडी बेचने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई गुरुवार और शुक्रवार की रात को की गई। पुलिस ने गुरुवार रात को इंदौर रोड स्थित भैरव बाबा मंदिर के पास से ग्राम झालवा निवासी हेमंत पिता दीपक सेन को गिरफ्तार किया। वह ग्राहक के आने का इंतजार कर रहा था और उसके पास से करीब 10 ग्राम एमडी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी हेमंत ने बताया कि उसने यह एमडी ग्राम अजनास के विष्णु विश्वकर्मा से खरीदी थी और इसे हरदा में बेचने आया था। सिविल लाइन थाना टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि आरोपी हेमंत सेन के बताए अनुसार, शुक्रवार रात को ग्राम अजनास से आरोपी विष्णु विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया। विष्णु के पास से करीब पौने चार ग्राम एमडी मिली। फिलहाल, पुलिस इस बात का खुलासा नहीं कर पाई है कि आरोपी हेमंत हरदा में किस व्यक्ति को एमडी की डिलीवरी देने आया था। साथ ही, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी विष्णु विश्वकर्मा यह एमडी कहां से लाकर बेच रहा था।

### टेमागांव चौकी के पासरेत से भरे ट्रक में आग लग गई

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक रेत से भरे ट्रक में आग लग गई। यह घटना टेमागांव चौकी के पास इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर रात करीब 9 बजे हुई। हादसे में ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेत से भरा ट्रक ओवरलोड था। अत्यधिक वजन के कारण टायरों पर दबाव पड़ा और उनमें आग लग गई। ट्रक सोडलपुर की तरफ जा रहा था। सूचना मिलने पर टिमरनी से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यह ट्रक खंडवा निवासी महमूद नामक व्यक्ति का है। ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर नर्मदापुरम से रेत लेकर खंडवा जा रहे थे।

## निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल भी फेल, जिम्मेदारों को नहीं जानकारी

# स्वच्छ भारत अभियान पर सवालः भैरुंदा में बाहरी लोगों के डेरों से बढ़ रही गंदगी, प्रशासन बेखबर

अस्थायी झोपड़ियों और तंबुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, लेकिन नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल नगर की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत भी सामने आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के दावों पर भैरुंदा नगर के हालात गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। नगर के कई हिस्सों में बाहरी लोगों का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। ये लोग खाली पड़ी सरकारी व निजी जमीनों पर अस्थायी झोपड़ियां और तंबू लगाकर रह रहे हैं, लेकिन इनके ठहरने, पहचान और संख्या को लेकर न तो नगर परिषद के पास कोई स्पष्ट जानकारी है और न ही पुलिस प्रशासन के पास कोई रिकॉर्ड।

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि इन डेरों के आसपास स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर के रहवासी इलाकों, झाड़ियों और नहर किनारे खुले में शौच किए जाने से गंदगी फैल रही है। नहर के पानी का उपयोग नहाने के साथ-साथ खुले में शौच के लिए भी किया जा रहा है, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले नागरिकों और आसपास रहने वाले परिवारों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग के भवन के आसपास, नहर किनारे और अन्य खाली पड़ी जमीनों पर लंबे समय से बाहरी लोग डेरा डाले हुए हैं। अस्थायी झोपड़ियों और तंबुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, लेकिन नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल नगर की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत भी सामने आ रही है।

### पुलिस प्रशासन को नहीं जानकारी

सबसे गंभीर पहलू यह है कि इतनी बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आने-जाने की जानकारी भैरुंदा पुलिस के पास नहीं है। न तो इनका कोई सत्यापन किया गया है और न ही यह पता है कि ये लोग कहां से आए हैं और किस उद्देश्य से यहां रह रहे हैं। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर डर है कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल

इधर नगर में निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल भी तेजी से फैलता जा रहा है। इन कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या, उनकी पहचान और वे स्थानीय हैं या बाहरी-इस पर भी प्रशासन के पास कोई ठोस जानकारी नहीं है। आरोप है कि ये कंपनियां लोगों को आसान लोन का लालच देकर अपने जाल में फंसाती हैं और बाद में भारी ब्याज वसूलती हैं। कई मामलों में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी सुबह-सुबह ही ग्राहकों के घर पहुंचकर बैठ जाते हैं और ईएमआई की वसूली करते हैं। समय पर भुगतान न होने पर वाहन या अन्य घरेलू सामान गिरवी रखने का दबाव बनाया जाता है। इससे भोले-भाले लोग आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन, नगर परिषद और जिला प्रशासन से मांग की है कि बाहरी लोगों का तत्काल सत्यापन कराया जाए, खुले में शौच पर सख्ती से रोक लगे और स्वच्छता के लिए ठोस व स्थायी व्यवस्था की जाए। साथ ही निजी फाइनेंस कंपनियों की गतिविधियों की जांच कर उनके कर्मचारियों का रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शोषण से बचाया जा सके। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने बताया कि मीडियो के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है स्वच्छता को लेकर कार्रवाई की जाएगी।


# महाजन करेंगे शिक्षा और खेल जगत की प्रतिभाओं का सम्मान

### महाजन मित्र मंडली आयोजित करेगी भव्य सम्मान समारोह

**सीहोर।** प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया जाएगा। शिक्षा और खेल जगत की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

गौरव सन्नी महाजन मित्र मंडली के द्वारा सौभाग्य पैलेस में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र नेता राजाराम परमार दिनेश पाठक राजेश मिश्रा योगेंद्र राय सम्मिलित होंगे।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार 1 फरवरी शाम 4 बजे



सौभाग्य पैलेस में महाजन मित्र मंडली के सदस्य कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल कर देश मध्य प्रदेश जिला शहर और मित्रों परिजनों गुरुजनों का नाम रोशन करने वाले होनहार प्रतिभाशाली युवाओं का प्रशंसा सम्मान पत्र शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत वंदन अभिनंदन कर सम्मान किया जाएगा। गौरव सन्नी महाजन मित्र मंडली के द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता परिजन भी सम्मिलित रहेंगे। महाजन मित्र मंडली के सभी सदस्यों ने नागरिकों मारो में पहुंचने की अपील है।

# बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नए हेलमेट दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शनिवार को सिविल लाइन थाना पुलिस और स्थानीय समाजसेवियों ने मिलकर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नए हेलमेट वितरित किए गए और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत, खराब गुणवत्ता वाले हेलमेट पहने लोगों को उनके हेलमेट तोड़कर सुरक्षा का महत्व समझाया गया। पुलिस ने ऐसे चालकों को बताया कि घटिया हेलमेट जान नहीं बचा सकते। उनके पुराने हेलमेट तोड़कर कंपनी के अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराए गए। बाइक सवारों को भी आम लोगों को अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। एएसपी अमित कुमार मिश्रा, एसडीओपी शालिनी परस्ते और टीआई आरएस तिवारी ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उनसे बात की और हेलमेट वितरित किए। एएसपी मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि ये हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इनके नियमित उपयोग पर जोर दिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में गंभीर चोट से बचा जा सके।

### यातायात जागरूकता के तहत पुलिस की पहल



### कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए

एएसपी मिश्रा ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से कमजोर वर्ग के लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए हैं। साथ ही, पम्पलेट बांटकर यातायात के नियमों की समझाइश दी गई। बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोककर 15 मिनट की क्लास दी गई, जिसमें उन्हें हेलमेट पहनने के फायदे और न पहनने के नुकसान बताए गए। इस पहल के दौरान, यातायात पुलिसकर्मियों ने उन दोपहिया वाहन चालकों को भी रोका जो खराब गुणवत्ता वाले या टूटे हुए हेलमेट पहने हुए थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित हेलमेट की सही गुणवत्ता और मानक समझाए। पुराने हेलमेट को तोड़कर यह प्रदर्शित किया गया कि वे कितनी आसानी से टूट जाते हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत नए, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट वितरित किए गए।

# शाहगंज में सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण शिवराज बोलेः बुधनी के विकास का लिया संकल्प

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को विधानसभा के दौरे पर रहे उन्होंने शाहगंज स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, अर्जुन मालवीय, सतीश गुप्ता,राजेश पाल,पंडित धीरेंद्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि विदिशा–रायसेन संसदीय क्षेत्र के दसवीं और बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'प्रेम–सुंदर सम्मान'




दिया जाएगा साथ ही क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी उन्होंने कहा कि गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से सीएम राइज स्कूल की शुरुआत की गई है। इसके बाद बुधनी पहुंचे केंद्रीय मंत्री का भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया, जहां उन्होंने बुधनी को सुंदर, सुव्यवस्थित और रोजगारयुक्त नगर बनाने का संकल्प दोहराया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, सीएम राइज स्कूल और अन्य विकास कार्यों से बुधनी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### महिला पर चाकू से हमले के दोषियों को सजा, मुख्य को सश्रम कारावास

हरदा। जिले में एक महिला पर चाकू से हमला और मारपीट के मामले में विशेष कोर्ट (एससी/एसटी एक्ट) ने दो दोषियों को सजा सुनाई है। मुख्य दोषी को आजीवन सश्रम कारावास जबकि दूसरे को कोर्ट उठने तक की सजा दी गई है। जिला अभियोजन अधिकारी आशाराम रोहित ने बताया कि यह घटना छीपाबड़ थाना क्षेत्र के खिरकिया में 24 दिसंबर 2024 की रात करीब 10 बजे हुई थी। पीड़िता सुखिया बाई अपने मोहल्ले के राजेश घाटे के साथ बृजेश पंडित के घर के सामने खड़ी थीं। इसी दौरान आरोपी बृजेश पंडित अपने दोस्त सुरेश बलाही के साथ घर से बाहर निकला। दोनों ने पीड़िता को गाली देते हुए कहा कि वह शराब पीकर वहां क्यों चिल्ला रही है। जब पीड़िता ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की।ब्रजेश पंडित ने अपनी जेब से चाकू निकालकर पीड़िता के बाईं पसली में मार दिया। इलाज के दौरान सीसी स्कैन में पसली में फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई थी। विशेष न्यायालय हरदा ने इस मामले में निर्णय सुनाया। मुख्य आरोपी ब्रजेश दुबे (39 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 10 राजीव नगर खिरकिया, थाना छीपाड़) को आजीवन सश्रम कारावास और 1000 रुपए का अर्थदंड दिया गया। वहीं, दूसरे दोषी सुरेश कड़ोले को धारा 115(2) के तहत कोर्ट उठने तक की सजा और 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**बुधनी।**शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित थे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वर्गीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा के बल पर देश कोआजादी दिलवाई और आज ही के दिन उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी आज भारत में ही नहीं वरन दुनिया के दर्जनों देशों में उनकी मूर्तियां स्थापित की गई हैं। गांधीवादी सोच का दायरा विदेशो तक फैला है इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, किसान नेता छगनलाल दुबे,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,नेपाल जमालिया,गिरीश पांडे,रिंकू दुबे,राजीव दुबे,बालवीर चौहान आदि अनेक कांग्रेसियों मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा ने पुण्यतिथि पर किया कार्यक्रम

# गांधी जी को दी श्रद्धांजलि, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, पटेल कॉम्प्लेक्स में किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### 'गांधी दर्शन' पर हुई संगोष्ठी

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात "गांधी दर्शन" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भी गांधी जी के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज में शांति, सौहार्द और समानता स्थापित करने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना आवश्यक है।



**गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प :** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलियां, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल, मंडल अध्यक्ष जगदीश राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल संतोष शर्मा (हल्याखेड़ी), भारत यात्री अजय पटेल सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष माखन सिंह पंवार, पार्षद नितेश पेठारी, मंडल अध्यक्ष ओम पंवार, प्रदेश सचिव सेवादल संजय शर्मा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, सेक्टर अध्यक्ष तुलसीराम बकोरिया, पंकज यादव, फूलचंद्र तंवर, फुरखान अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन तहसील भवन

# मुख्य गेट पर खड़ा है बिजली का खंभा और कर दिया कांक्रीट

**झिरन्या।** यहां निर्माणाधीन तहसील भवन के मुख्य गेट पर सीना ताने खडा है बिजली का खंभा और कर दिया कांक्रीट, यह देखकर राहगीर भी दांतों तले अंगुली दबा रहें हैं, लेकिन पीआईयू अधिकारियों एवं ठेकेदार ने इस ओर देखने की जरुरत महसूस नहीं की है। जिससे उनकी विवादास्पद-कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहें हैं। इसे हटाने की कोई पहल नहीं की गई और उसके आसपास क्रांकीट भी कर दिया गया है। इस मामले में विद्युत विभाग में आवेदन तक नहीं देना और भी आश्चर्य की बात है। यह विदित ही है कि इस बिजली-खंभे को नहीं हटाने से आवाजाही में काफी परेशानी होगी और वाहन-दुर्घटना की सदैव संभावनाएं बनी रहेंगी। यहां कलेक्टर सहित अन्य प्रमुख अधिकारी भी आवेंगे। वहीं इसके समक्ष विश्राम गृह भी है और मंत्रीगण भी यहां आते रहते हैं। जिससे यह स्थिति प्रशासनिक-अधिकारियों के लिए मुसीबत बनेगी,इसमें कोई दो मत नहीं है।

काबिले गौर है कि भवन-निर्माण की धीमी गति से होने से उसका हस्तांतरण नहीं हो सका है। भवन में अभी फर्नीचर लगाया जाना है और यह कार्य बंद भवन में करने की जानकारी मिली है। इसलिए पूरा भवन निर्माण हो गया,लेकिन अन्दर से देखने के लिए जनमानस लालायित हैं और वे इससे वंचित हैं। उम्मीद की जा रही थी कि नूतन वर्ष में नवीन भवन की सौगात मिलेगी,लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह बात और है कि कलेक्टर भव्या मित्तल के प्रयासों का भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिला है। उनके निर्देश पर एसडीओ (रा) भीकनगांव आकांक्षा अग्रवाल भी निर्माणाधीन-कार्यों का निरीक्षण कर चुकी है। पीआईयू खरगोन के एसडीओ पवन डावर से दूरभाष पर संपर्क नहीं होने से उनकी प्रतिक्रया नहीं मिल सकी है।



### इनका कहना है

तहसील भवन के समक्ष खड़े बिजली के खंभे को लेकर कोई आवेदन नहीं मिला है। इसलिए उसे हटाया नहीं गया है।

**नरेन्द्र मोरे** सहायक यंत्री विद्युत वितरण केंद्र, झिरन्या